सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{14 फाल्गुन, 1942 (श०)}}{\text{05 मार्च, 2021 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 163

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 22 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 94 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 25 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 14 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) | विधि विभाग | .. | .. | 06 |
| | | | कुल योग -- | 163 |

पुनर्वास कराना

'अ'-*439. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के ग्राम-नरूआर स्थित ग्रामीणों के घर वर्ष 2019 में कमला बलान नदी में विलीन होने के कारण 60 परिवार विस्थापित हो गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार नरूआर के विस्थापित परिवारों को पुनर्वास कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी निर्माण कराना

*1078. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के किरकिचिया पंचायत में ढोलबज्जा गाँव में बने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बरसात के दिनों में अत्यधिक जल-जमाव के कारण लगभग चार-पाँच माह तक स्वास्थ्य सेवा प्रभावित रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण आवारा पशु का बसेरा अस्पताल परिसर में हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मिट्टी भराई तथा चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पतालों में दवा की समुचित व्यवस्था

*1079. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदुमपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी नामक बीमारी से प्रभावित बच्चे के मामले आ रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त बीमारी का इलाज बहुत महंगा होने के कारण आमजनों के लिये असंभव है जिससे उनके बच्चे मरने के लिये विवश हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसे बीमारी से ग्रस्त बच्चों के इलाज हेतु राज्य के अस्पतालों में दवा की समुचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्त करना

*1080. डॉ0 सत्येन्द्र यादव (क्षेत्र संख्या-114 माँझी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सभी प्रखंडों के विद्युत् उपभोक्ताओं के घर में मीटर रीडिंग के लिये कर्मचारी दो से तीन महीने पर आते हैं, जिस कारण उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मीटर रीडिंग के लिये प्रतिमाह विद्युत् कर्मी को प्रतिनियुक्त करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'अ'-दिनांक 26 फरवरी, 2021 को सदन द्वारा स्थगित ।

मुआवजा एवं पुनर्वासित कराना

*1081. श्री अख्तरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बैसी अनुमंडल के अर्जुन मिट्टा खाताटोली के 10 परिवार, वैशाघाट के 70 परिवार कनकई नदी के कटाव में तीन वर्षों से विस्थापित है उन परिवार को आजतक मुआवजा का भुगतान एवं पुनर्वासित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विस्थापित परिवारों को मुआवजा का भुगतान एवं पुनर्वासित कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--जिला पदाधिकारी, पूर्णियाँ से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार अर्जुन भिट्टा खाता टोली में कुल 12 परिवार नदी के कटाव से प्रभावित हुये थे, जिसमें से 6 परिवार भूमिहीन श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं । जिनका मुआवजा भुगतान एवं पुनर्वास की कार्रवाई एक माह के अन्दर पूर्ण कर ली जायेगी ।

वैशाघाट में विभिन्न जगहों से आये कुल 25 परिवार नदी के कटाव से प्रभावित हुये थे, जिसमें से 20 परिवार भूमिहीन श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं । जिनका मुआवजा भुगतान एवं पुनर्वास की कार्रवाई एक माह के अन्दर पूर्ण कर ली जायेगी ।

--------

जीर्णोद्धार कराना

*1082. डॉ0 मेवालाल चौधरी (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंडान्तर्गत रामपुर चौक स्थित सरकारी अस्पताल का भवन एवं आवास 40 वर्षों से जर्जरावस्था में रहने के कारण मरीजों एवं चिकित्सा कर्मियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल का भवन एवं आवास का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*1083. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरनौसा का भवन लगभग 12 कट्ठा भूमि में निर्मित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण सुरक्षित नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरनौसा की चहारदीवारी निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी निर्माण कराना

*1084. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण अस्पताल के जमीन का अतिक्रमण हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल परिसर में ही ए0 एन0 एम0 कॉलेज का संचालन किया जा रहा है तो सुरक्षा के दृष्टि से भी अस्पतालों में चहारदीवारी का निर्माण आवश्यक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल परिसर में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*1085. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कुर्था प्रखंड के ग्राम-पंचायत अहमदपुर हरना के ग्राम-बसंतपुर में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति वर्ष 2016 में दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण 4 वर्ष बाद भी इस अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण नहीं कराया गया है, जबकि भवन निर्माण हेतु विभाग को राशि भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बसंतपुर का भवन निर्माण कराकर इसे संचालित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मटकोटा स्थित तालाब का सौन्दर्यीकरण

*1086. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के प्रखंड योगापट्टी स्थित योगभूमि के नाम से प्रचलित मठकोटा में नाथ सम्प्रदाय के प्रथम गुरू श्री श्री योगीराज मच्छेन्द्र नाथ छवीं शताब्दी में अपने योगी परिवार के साथ प्रवासी हुये मठकोटा जो आज मटकोटा के नाम से जाना जाता है स्थित तालाब जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पर्यटक स्थल पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटक स्थल मटकोटा स्थित तालाब के सौन्दर्यीकरण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति

*1087. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड के करणपुर पंचायत के करणपुर गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन 2016 से बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से वहाँ के ग्रामीणों को चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डॉक्टरों का पदस्थापन

*1088. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के अमौर और बैसा प्रखंडों में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में 20 डॉक्टरों के स्वीकृत पद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में वर्तमान में मात्र 10 डॉक्टर कार्यरत है जिससे क्षेत्र की जनता को समुचित रूप से स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त प्रखंडों में स्वीकृत पदों पर डॉक्टरों के पदस्थान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1089. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजकीय धनवन्तरी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, बक्सर के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की सेवामुक्ति अधिसूचना, अधिसूचना सं0 839 देशी चिकित्सा दिनांक 29 अगस्त, 2003 के द्वारा जारी की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अधिसूचना स्क्रीनिंग समिति के प्रतिवेदन एवं कर्मचारियों द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण की समीक्षा किये बिना ही सेवामुक्ति आदेश निर्गत किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस संबंध में कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वा0 केन्द्र को संचालन कराना

*1090. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कुचायकोट के सासामुसा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण पूर्ण होने के बावजूद भी स्वास्थ्य केन्द्र संचालित नहीं हो सका है, जिस कारण मरीजों को उक्त स्थान से छः किलोमीटर दूर प्रखण्ड मुख्यालय कुचायकोट अस्पताल में इलाज कराने जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र को संचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1091. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कुरसेला प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु संपत राज कन्या उच्च विद्यालय, कुरसेला के बगल में भूमि का हस्तांतरण 1 वर्ष पूर्व स्वास्थ्य विभाग को कर दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण नहीं होने के कारण कुरसेला प्रखंड के नागरिकों को इलाज कराने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुरसेला में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्ति करना

*1092. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मदन यादव मशालची अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया दिनांक 26 अगस्त, 2007 से अपने कार्यालय से लापता हो गये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि लापता होने के बाद रामपुर थाना कांड संख्या 123/11, दिनांक 11 जून, 2011 दर्ज हुआ था और निबंधन संख्या 000483/2/7128/2016, दिनांक 21 फरवरी, 2016 के माध्यम से मृत घोषित कर दिया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उनके पुत्र राकेश रौशन को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*1093. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में दन्त चिकित्सा हेतु सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दन्त चिकित्सक का पद स्वीकृत नहीं रहने से आमजनता को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर दन्त चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दन्त चिकित्सक का पद स्वीकृत कर पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि कुल 488 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही दन्त चिकित्सक का एक-एक पर सृजित है । शेष 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी एक-एक दन्त चिकित्सक पद का सृजन की कार्रवाई की जा रही है । वर्तमान में बिहार दन्त सेवा के अन्तर्गत दन्त चिकित्सक (मूल कोटि) के 573 पद सृजित है । इसमें से 558 दन्त चिकित्सकों के रिक्तियों के विरुद्ध बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से 552 दन्त चिकित्सकों की अनुशंसा प्राप्त हुई । उक्त अनुशंसित 552 अभ्यर्थियों में से विभाग द्वारा आयोजित Counselling में कुल 543 दन्त चिकित्सक उपस्थित हुये जिनका वर्ष 2019 में नियुक्ति-सह-पदस्थापन विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में किया जा चुका है । उक्त नियुक्ति-सह- पदस्थापन के पश्चात् राज्य में बिहार दन्त सेवा अन्तर्गत वर्तमान में कुल 526 दन्त चिकित्सक कार्यरत है तथा मात्र 47 पद रिक्त है । सभी रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्ति हेतु अधियाचना भेजने की कार्रवाई शीघ्र की जायेगी ।

(2) उपरोक्त खंड में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है ।

--------

बिजली आपूर्ति करना

*1094. श्री राम प्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी गाँवों में बिजली की आपूर्ति पोल के माध्यम से करने का निर्णय सरकार द्वारा 10 वर्ष पूर्व किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के माँझा प्रखंड के ग्राम-बथुआ, धायटोला, गोनियार, फुलवरिया, भैसही विशुनपुरा, बलहाँ, कहला, पिपरहिया सहित दर्जनों गाँव में बाँस-बल्ले के सहारे तार लगाकर बिजली जला रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपने निर्णय के अनुरूप उक्त सभी गाँवों में बाँस-बल्ले को हटाकर पोल के माध्यम से बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है ?

--------

पर्यटक स्थल विकसित करना

*1095. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के केसरिया विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत अवस्थित सरोत्तर झील पूरे चम्पारण का गौरव है तथा यहाँ प्रत्येक साल साइबेरियन पक्षी हजारों की संख्या में आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त सरोत्तर झील का सौंदर्यीकरण करते हुये उसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*1096. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या- 198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम-करनामेपुर के प्रियंका कुमारी, पिता-लालमोहर तत्तवा की मृत्यु 1 दिनांक 12 जून, 2020 को सर्प के काटने से हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अभीतक आश्रित को मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा उक्त आश्रित को मुआवजे की राशि अभीतक उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री-- (1) स्वीकारात्मक है ।

(2) सर्पदंश को प्राकृतिक आपदा/स्थानीय प्रकृति की आपदा के अन्तर्गत अधिसूचित नहीं किया गया है । यद्यपि बाढ़ अवधि के दौरान बाढ़ जनित कारणों से सर्पदंश के कारण हुई मृत्यु को प्राकृतिक आपदा जनित कारण मानते हुये SDRF/NDRF द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं मानदर के सदृश्य अनुग्रह अनुदान/अन्य अनुदान देय है । बाढ़ अवधि के बाद सर्पदंश को प्राकृतिक आपदा जनित कारण नहीं माना गया है ।

(3) जिला पदाधिकारी, भोजपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार स्व० प्रियंका कुमारी की मृत्यु बाढ़ जनित कारणों से नहीं हुआ है । अत: प्रश्नगत मामले में अनुग्रह अनुदान देय नहीं है ।

-------

पदस्थापित करना

*1097. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नवीनगर और बारून में रेफरल अस्पताल कार्यरत हैं किन्तु मानक के अनुरूप चिकित्सकों विशेष कर विशेषज्ञ महिला चिकित्सक के पदस्थापना नहीं होने से क्षेत्र की जनता को समुचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त दोनों अस्पतालों में मानक के अनुरूप चिकित्सकों को पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर विधान सभा अन्तर्गत नवीनगर में अनुमंडल अस्पताल तथा बारून में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बारून में 06 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 05 चिकित्सा पदाधिकारी तथा 01 दन्त चिकित्सक का पद सृजित है, जिसके विरुद्ध 05 चिकित्सा पदाधिकारी कार्यरत है । एक चिकित्सा पदाधिकारी अनुमंडल अस्पताल रोहतास में प्रतिनियुक्त है । एक महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० पुनम कुमारी पदस्थापित एवं कार्यरत हैं ।

रेफरल अस्पताल, नवीनगर में 04 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी का पद स्वीकृत है जिसके विरुद्ध एक चिकित्सक डॉ० सुरेश प्रसाद सिंह एवं एक चिकित्सक डॉ० सत्येन्द्र कुमार (जो अनुबंध पर है) कार्यरत है । इस केन्द्र द्वारा उपलब्ध संसाधन से आमजनता को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा रही है । वर्तमान में विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के 3706 एवं सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के 2632 अर्थात कुल 6338 पद रिक्त हैं । उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से बिहार तकनीकी सेवा आयोग को भेजी जा चुकी है ।

आयोग से चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्राप्त होने के उपरान्त आवश्यकता एवं उपलब्धता के अनुसार चिकित्सा पदाधिकारियों की पदस्थापना की जा सकेगी ।

चिकित्सक उपलब्ध कराना

*1098. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव अनुमंडल के अनुमंडल अस्पताल में अल्ट्रासाउन्ड उपकरण एवं हड्डी रोग और नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं रहने के कारण आम जनता को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कहलगाँव अनुमंडल के अनुमंडल अस्पताल में अल्ट्रासाउन्ड उपकरण एवं हड्डी रोग और नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

इलाज सुचारू रूप से करना

*1099. श्री निरंजन राय (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बन्दरा प्रखंड में सकरीमन, रामपुर दयाल, गायघाट प्रखंड में गौसनगर, केवटसा में कार्यरत उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में पिछले 5 वर्षों से डॉक्टर एवं स्वास्थ्य-कर्मियों के अभाव के कारण आम नागरिकों का इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों के उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज सुचारू रूप से करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अधिवक्ता भवन का निर्माण कराना

*1100. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा अनुमण्डल में व्यवहार न्यायालय हिलसा की स्थापना 1972 ई० में हुयी है, जिसमें अधिवक्ताओं को बैठने हेतु भवन का अभाव है जबकि प्रत्येक दिन 1000 से अधिक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से उपस्थित रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि हिलसा न्यायालय की उपलब्ध जमीन पर खुले में जहाँ-तहाँ कुर्सी-टेबल लगाकर अधिवक्तागण न्यायिक कार्य करने को विवश हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार हिलसा व्यवहार न्यायालय में कबतक अधिवक्ता भवन का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल विकसित करना

*1101. श्री भारत भुषण मंडल (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लौकही प्रखण्ड के झहुरी में पौराणिक मान्यता के अनुसार वहाँ का पोखर एवं मंदिर बहुत ही महत्व का है, जहाँ शिवरात्रि के अवसर पर हरेक साल भव्य मेला का आयोजन होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार झहुरी को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है ?

---

स्थल के विकास हेतु

*1102. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-88 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला-सीतामढ़ी, प्रखण्ड-डुमरा के पुनौरा स्थिति माँ सीता प्राकट्य (जन्म) स्थली में पर्यटन सुविधाओं का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल के विकास हेतु कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*1103. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंडान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विभूतिपुर में महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विभूतिपुर में महिला चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का जीर्णोद्धार

*1104. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गिदवास का भवन जर्जर है जिससे वहाँ पदस्थापित डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी एवं इलाज के लिये आनेवाले लोगों को अत्याधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गिदवास के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापना करना

*1105. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर प्रखंड अन्तर्गत महिनाम तथा रमौली में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन बन कर तैयार है किन्तु चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी का पदस्थापन नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी की पदस्थापना कर संचालित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

डॉक्टर को स्थानांनरित करना

*1106. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर के अनुमंडलीय अस्पताल एवं रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ० विनोद प्रताप सिंह के चरित्रहीनता से डॉक्टर, नर्स एवं कर्मी त्रस्त हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि डॉ० विनोद प्रताप सिंह के विरुद्ध अनुमंडलीय अस्पताल, जगदीशपुर के डॉक्टरों एवं अन्य कर्मचारियों ने दिनांक 14 दिसम्बर, 2020 को सिविल सर्जन, भोजपुर को लिखित शिकायत भी किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त डॉक्टर को स्थानांतरित करते करते हुये कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

एम्बुलेंस की व्यवस्था

*1107. मो० आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जलालगढ़ का एम्बुलेंस पुराना एवं जर्जर हो जाने के कारण रोगियों के लिये एम्बुलेंस सेवा समय पर उपलब्ध नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में नये एम्बुलेंस की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*1108. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला एवं सत्र न्यायालय में पीपी, जीपी, एपीपी तथा एजीपी का पद विगत वर्षों से रिक्त है, जिस कारण न्यायालय में सरकार का पक्ष समय पर प्रस्तुत नहीं होने से न्याय मिलने में विलंब हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधा विकसित करना

*1109. श्री रितलाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड में हांडी साहब गुरूद्वारा सिक्खों का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहाँ हर वर्ष देश भर एवं विदेशों से श्रद्धालु आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ आनेवाले श्रद्धालुओं के ठहरने एवं समुचित जन सुविधाओं का अभाव होने के कारण काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल का सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओ के लिये आवश्यक सुविधाएँ विकसित करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1110. श्री हरि शंकर यादव (क्षेत्र संख्या-108 रघुनाथपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के रघुनाथपुर रेफरल अस्पताल का भवन जर्जर होने के कारण रोगियों का इलाज करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रेफरल अस्पताल के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल को सुचारु रूप से चलाना

*1111. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज खीरी मोड़ स्थित सरकारी अस्पताल 2001 में बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन अबतक चालू नहीं हुआ है, इस कारण यहाँ की बड़ी आबादी को इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार इस अस्पताल को कबतक सुचारु रूप से चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् आपूर्ति कराना

*1112. श्री अवध बिहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत बड़हरिया प्रखंड में विद्युत् की आपूर्ति विद्युत् कार्य प्रमंडल, सीवान से 25 वर्षों से अधिक समय से होती आ रही थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि गत 8 माह से बड़हरिया प्रखंड में विद्युत् की आपूर्ति विद्युत् कार्य प्रमंडल, महाराजगंज से किया जा रहा है, बड़हरिया प्रखंड से महाराजगंज की दूरी 20 कि०मी० से अधिक होने के कारण उक्त प्रखंड में विद्युत् की आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बड़हरिया प्रखंड में विद्युत् की आपूर्ति, विद्युत् कार्य प्रमंडल, सीवान से पुनः कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन स्थल को विकसित करना

*1113. डॉ० मेवालाल चौधरी (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर झील को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव वर्ष 1994 में तात्कालीन सरकार द्वारा किया गया तत्संबंधी शिलालेख अभी भी अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पहाड़ों से घिरा हुआ रमणीक खड़गपुर झील को वर्ष 2019 में वर्तमान सरकार द्वारा विकसित करने की घोषणा की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त झील को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधा उपलब्ध कराना

*1114. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के परमानंदपुर पंचायत के ग्राम-हिंगना में उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य विगत 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था, जिसे संवेदक द्वारा पूरी राशि निकासी कर निर्माण कार्य अपूर्ण अवस्था में छोड़ दिया गया है जिससे लोगों को वहाँ स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर स्वास्थ्य उप-केन्द्र हिंगना से आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जी०आर० राशि उपलब्ध कराना

*1115. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2020 में सारण जिला के मढ़ौरा अमनौर, मकेर, परसा प्रखण्डों में बाढ़ का पानी लोगों के घरों में प्रवेश कर गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार ने उपरोक्त बाढ़ग्रस्त प्रखण्डों में बाढ़ पीड़ितों का सर्वेक्षण कराकर प्रभावित परिवारों को जी०आर० की राशि देने का निर्णय अगस्त, 2020 में लिया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त प्रखण्डों में तैयार सर्वेक्षित सूची में से आधा से अधिक परिवारों को अभीतक जी०आर० की राशि प्राप्त नहीं हुयी है, जिससे उनमें असंतोष है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि नहीं देने के लिये दोषियों पर कार्रवाई करते हुये उक्त बचे परिवारों को जी०आर० की राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उत्क्रमित करना

*1116. श्री अशोक कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-92 सकरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर एन०एच० से 1/2 कि०मी० की दूरी पर अवस्थित है जहाँ मरीजों की संख्या काफी अधिक रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुये इसे अनुमंडलीय अस्पताल में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक की उपस्थिति

*1117. श्री भरत बिन्द (क्षेत्र संख्या-205 भभुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामपुर प्रखंड के पंचायत जलालपुर के अतिरिक्त प्रांथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौरासी में डॉक्टर नियमित रूप से नहीं आते हैं तथा दवा का कोई प्रबंध नहीं है, जिससे यहाँ, आने वाले मरीजों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुये पर्याप्त दवा की आपूर्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली आपूर्ति करना

*1118. डॉ० सुनील कुमार (क्षेत्र संख्या-172, बिहारशरीफ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में कोल्ड स्टोरेजों को आपूर्ति की जाने वाले बिजली का टैरिफ औद्योगिक बिल के हिसाब से लिया जाता है, जबकि कोल्ड स्टोरेज कोई उत्पादक इकाई नहीं है केवल आलू या सब्जी का भंडारण का कार्य किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली टैरिफ ज्यादा होने से बिहार शरीफ के 50 में 36 स्टोरेज बंद हो गये एवं यह हाल समस्त बिहार का है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूरे बिहार के कोल्ड स्टोरेज में कृषि टैरिफ या अनुदानित दर से बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1119. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत विक्रम प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आराप, विक्रम में विगत 5 वर्षों से चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के अनुपस्थित रहने तथा चिकित्सकीय सुविधा का अभाव रहने से स्थानीय मरीजों को चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ अनुपस्थित चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन से जोड़ना

*1120. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पताही प्रखंड के जुलफेकराबाद पंचायत में महम्मदा ग्राम स्थित शिव मंदिर जो प्रसिद्ध और पुराना है, जहाँ हजारों की संख्या में दूर-दराज से लोग पुजा-अर्चना करने आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार इस मंदिर को पर्यटन से जोड़ने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1121. डॉ० शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला छौड़ादानों प्रखंड के महुआ पंचायत के ग्राम कटगेनवा में 20 वर्ष पूर्व ही अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 20 वर्षों से विभागीय लापरवाही के कारण अभी भी उक्त अस्पताल, भवन के अभाव में छोटे से निजी मकान में ही चल रहा है, जिससे कर्मीगण को इलाज के क्रम में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना

*1122. ई० शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के प्रखंड रमगढ़वा एवं सुगौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाँच की सुविधा नहीं है तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाँच की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा की राशि देना

*1123. श्री हरीभूषण ठाकुर 'बचोल' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 8 फरवरी, 2018 को श्रवण कुमार मंडल एंव विकास कुमार मंडल ग्राम गजवा, थाना-बिस्फी, जिला-मधुबनी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विकास कुमार मंडल, पिता-सरेन्द्र मंडल की अस्पताल में मृत्यु हो गई जिसका थाना कांड संख्या बिस्फी 13 अगस्त, 2018 दर्ज है, सरकार के द्वारा मृतक के परिवार वाले को मुआवजा राशि अभीतक नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त घायल एवं मृतक के परिवार वालों को मुआवजा की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1124. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान सभा क्षेत्र के गुरूआ प्रखंड के पकरी पंचायत के ग्राम-चकजलपा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण नहीं किया गया है, जबकि यहाँ पर उप-स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु सभी अर्हताएँ मौजूद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सा सेवा सुनिश्चित कराना

*1125. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मधेपुरा प्रखंड के मठाही एवं घैलाढ़ प्रखंड के भान गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का न तो अपना भवन है, और न ही यहाँ चिकित्सक या चिकित्सा कर्मी ही अपनी सेवा देते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में यहाँ भवन बनवाने एवं चिकित्सा सेवा सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति

*1126. श्री विश्वनाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड अन्तर्गत तियरा पंचायत में प्रा० स्वा० केन्द्र मनोहरपुर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनकर तैयार है, पर डॉक्टर एवं नर्स नहीं होने के कारण मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रा० स्वा० केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति कर मरीजों का इलाज प्रारम्भ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सहयोग राशि प्रदान करना

*1127. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला गोपालगंज अन्तर्गत प्रखंड बैकुण्ठपुर, सिधवलिया एवं बरौली प्रखंडों में वर्ष 2020 में गंडक नदी में दो बार आये भीषण बाढ़ एवं कटाव से पीड़ित परिवारों के चयन सूची में से बहुत कम परिवारों को ही सहयोग राशि प्राप्त हो पाई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल स्तर के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के उदासीनता के कारण चयनित परिवारों में से अधिकांश परिवारों को सहयोग राशि नहीं मिल पाने के कारण उनमें रोष व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सहयोग राशि से वंचित रह जाने वाले उक्त परिवारों को यथाशीघ्र सहयोग राशि प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

रानीपतरा का जीर्णोद्धार

*1128. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत रानीपतरा एवं टीकापट्टी में महात्मा गाँधी जी का 1934 में आगवन एवं प्रवास हुआ था टीकापट्टी का विकास कार्य कराया जा रहा है परन्तु रानीपतरा का जीर्णोद्धार नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक रानीपतरा का जीर्णोद्धार कर गाँधी सर्किट में जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*1129. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहियाँ प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम-तियर के धनजी यादव, पिता-मनु यादव की मृत्यु दिनांक 22 मई, 2019 को सड़क दुर्घटना में हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अभीतक आश्रित को मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा उक्त आश्रित को मुआवजे की राशि अभीतक उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक । जिला पदाधिकारी, भोजपुर (आरा) के प्रतिवेदनानुसार मृतक धनजी यादव, पिता-मनु यादव की मृत्यु दिनांक 14 मई, 2019 को सामूहिक सड़क दुर्घटना में हुई थी ।

(2) एवं (3) मृतक धनजी यादव की आश्रित पत्नी मूरत देवी को चेक संख्या 581493, दिनांक 16 जनवरी, 2021 द्वारा RTGS के माध्यम से अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान किया जा चुका है ।

--------

पदस्थापना कराना

*1130. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरुआ विधान सभा क्षेत्र के परैया में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर मात्र दो पुरुष चिकित्सक एवं 6 नर्स ही पदस्थापित हैं, जबकि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर एक भी महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने से गर्भवती महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर जनहित में महिला चिकित्सक की पदस्थापना के साथ-साथ स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मीगण की पदस्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापना कराना

*1131. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड मुख्यालय में एक भी महिला चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने से महिला रोगी को इलाज में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में कबतक महिला चिकित्सक की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है । इस केन्द्र पर डॉ0 (श्रीमती) रजनी सिन्हा महिला चिकित्सक कार्यरत हैं, जिनके द्वारा जनता को चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है ।

--------

पदस्थापित करना

*1132. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला डॉक्टर कार्यरत नहीं है जिससे क्षेत्र के महिलाओं को इलाज के लिये निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कमियों को दूर करना

*1133. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बाजपट्टी, बोखरा सहित अन्य अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर महिला चिकित्सक नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बोखरा में सात चिकित्सकों का पद है परन्तु वहाँ मात्र दो चिकित्सक कार्यरत हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कमियों को दूर करने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुग्रह अनुदान राशि देना

*1134. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि चंदेश्वर सहनी, पिता-स्व0 घुघु सहनी, ग्राम-आकुचक, पोस्ट-राजधानी, थाना-तरैया, जिला-सारण दिनांक 28 अगस्त, 2019 को चक्की सोहागपुर, थाना-पारू, जिला-मुजफ्फरपुर की गंडक नारायणी नदी में मछली मारने के क्रम में नदी में डूबने के कारण मृत्यु हो गई । खोज दल द्वारा काफी छान-बीन के बावजूद शव नहीं मिला । थाना-पारू में दिनांक 30 अगस्त, 2019 को केस संख्या 702/19 दर्ज कराया गया, परन्तु मृतक के परिजनों को अबतक अनुग्रह अनुदान राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पत्रांक 70, दिनांक 12 जनवरी, 2009 द्वारा आपदा के कारण शव बरामद नहीं होने के स्थिति में अनुग्रह अनुदान राशि उपलब्ध कराने का प्रावधान है कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मृतक के आश्रितों को कबतक अनुग्रह अनुदान राशि देने को विचार रखती है ?

पर्यटक स्थल विकसित कराना

*1135. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकंदरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के प्रखण्ड सिकन्दरा के पंचायत कुमार में नेतुला जगदम्बा मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर 800 (आठ सौ) वर्ष पुराना है जहाँ प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नेतुला जगदम्बा मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु

*1136. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड के सतजोड़ा एवं कोंध गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पानापुर प्रखंड के सतजोड़ा एवं कोंध गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*1137. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बेगूसराय प्रखंड में अवस्थित सिमरिया गंगा घाट मिथिला की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विश्व प्रसिद्ध है जहाँ कार्तिक मास का राजकीय मेला, सिमरिया घाट मेला एवं कुंभ मेला के अवसर पर हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक कल्पवास के लिए विशेष तिथियों में स्नान, मुंडन आदि संस्कारों के लिए गंगा घाट पर आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल के सौन्दर्यीकरण एवं सांस्कृतिक धरोहर के दृष्टिकोण से माँ जानकी पौड़ी के निर्माण हेतु वर्ष 2017 में आयोजित महाकुंभ में सम्यक विकास का आश्वासन भी प्रशासन द्वारा दिया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिमरिया गंगा घाट को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने एवं हरिद्वार की तरह सिमरिया में जानकी पौड़ी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटन स्थल विकसित करना

*1138. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के अलौली वि0 सभा अन्तर्गत रामपुर ग्राम में गढ़घाट के निकट दुर्गा मंदिर बहुत ही पुराना एवं दर्शनीय स्थल के रूप में विद्यमान है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दुर्गा मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बिजली बिल माफ करना

*1139. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोध गया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोविड-19 के वजह से बोध गया, राजगीर, नालन्दा, पावापुरी एवं वैशाली इत्यादि जगहों पर होटल व्यवसाय पूर्ण रूप से ठप हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बोध गया में सभी होटल पर्यटकों के नहीं आने के कारण बिजली बिल भी देने में सक्षम नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार होटल व्यवसायों के विगत एक वर्ष का बिजली बिल माफ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

.पदा0/कर्म0 पर कार्रवाई

'ख'-*1140. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड में बेसिक स्कूल, रहुई एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय, वंडी को कोरोना काल में कोरनटाईन सेंटर बनाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाहर से आने-वाले प्रवासियों को उक्त कोरनटाईन सेंटर पर चौदह दिनों के लिए कोरनटाईन किया जाता था जिन्हें प्रोत्साहन राशि, कपड़ा, साबुन एवं अन्य सामग्री सरकार के द्वारा मुहैया कराया जाना था ;

(3) क्या यह बात सही है कि यहाँ कोरनटाईन प्रवासी को सरकारी सुविधा से वंचित रख संबंधित कर्मचारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, नीमचक बथानी द्वारा सरकारी राशि का बंदरबांट किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

एक्स-रे मशीन लगाना

*1141. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 17 दिसम्बर, 2020 को प्रकाशित शीर्षक ''सूबे के 146 अस्पतालों में एक्स-रे मशीन लगाने की योजना पिछड़ी'' खबर को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 146 जिला एवं अनुमंडलीय अस्पतालों में 31 दिसम्बर, 2020 तक एक्स-रे मशीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक मात्र 15 अस्पतालों में ही एक्स-रे मशीन लगाया गया है बाकी अस्पतालों में एक्स-रे मशीन नहीं लगाया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि एक्स-रे मशीन नहीं रहने के कारण रोगियों को बाहर अधिक राशि खर्च कर एक्स-रे कराना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बाकी बचे अस्पतालों में एक्स-रे मशीन लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*1142. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अनुमंडलीय अस्पताल, बेनीपुर के परिसर की चहारदीवारी नहीं करायी गई है, जिससे मरीजों को असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अनुमंडलीय अस्पताल की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ख'-स्वास्थ्य विभाग से आपदा प्रबंधन विभाग में स्थानान्तरित ।

डॉक्टर एवं नर्स की स्थायी प्रतिनियुक्ति

*1143. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत मेहसी प्रखंड के भुकुरबा स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र में स्थायी रूप से डॉक्टर नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को इलाज करवाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की स्थायी प्रतिनियुक्ति कर स्वास्थ्य केन्द्र को सुचारु रूप से चलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि उप-स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं किया जाता है । उप-स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा टीकाकरण एवं प्रसव पूर्व जाँच की जाती है । इस केन्द्र द्वारा आवश्यक दवाएँ दी जाती हैं । इस हेतु स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में ए0एन0एम0 की पदस्थापना की जाती है । संदर्भित स्वास्थ्य उप-केन्द्र में ए0एन0एम0 कार्यरत हैं ।

--------

बस सेवा प्रारंभ करना

*1144. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बुद्ध सर्किट बोधगया केसरिया होते हुये कुशीनगर तक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बोध गया और कुशीनगर का पर्यटकीय विकास तो हुआ है लेकिन केसरिया में पर्यटकीय सुविधा जैसे होटल एवं अन्य सुविधा का विकास नहीं हो पाया है, बोध गया-कुशीनगर बस सेवा से जुड़ने पर केसरिया का पर्यटकीय विकास संभव है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बुद्ध सर्किट के अन्तर्गत बोध गया से केसरिया होते हुये कुशीनगर तक के लिये पर्यटकीय बस सेवा प्रारंभ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*1145. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, ढाका के साथ ढाका प्रखंड के 8 अति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 42 उप-स्वास्थ्य केन्द्र तथा घोड़ासहन प्रखंड में 5 अति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 13 उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है । अनुमंडल अस्पताल, ढाका के स्वीकृत बल 228 में 96 पद एवं ढाका प्रखंड के 8 अति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वीकृत 80 पद में 69 पद रिक्त है एवं ढाका के 42 उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर 72 पद एवं घोड़ासहन प्रखंड के 13 उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर 18 पद रिक्त है, फलस्वरूप बेहतर स्वास्थ्य सुविधा आमजन को नहीं मिला पाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अनुमंडल अस्पताल ढाका सहित उक्त अति0/ उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के रिक्त पदों पर कबतक पदस्थापन कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा का भुगतान

*1146. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के सिरसौना वार्ड नम्बर 4 के श्रीमती रैफुन, पिता-स्व0 नजबूल जिसकी मृत्यु वर्ष 2017-18 में आयी बाढ़ के पानी में डूबने के कारण हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया के पत्रांक 997, दिनांक 31 अगस्त, 2020 के द्वारा जिला आपदा पदाधिकारी, अररिया को मुआवजा की स्वीकृति हेतु पत्र भेजा गया है लेकिन आजतक मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मृतका के आश्रित को मुआवजा का भुगतान कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् उत्पादन हेतु

*1147. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड अन्तर्गत अपसढ़ गाँव में 75 एकड़ क्षेत्रफल का एक विशाल तालाब है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत वर्ष 7.5 करोड़ की लागत से उपरोक्त तालाब की खुदाई करायी जा चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उपरोक्त तालाब पर सोलर प्लेट लगाकर विद्युत् उत्पादन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल बनाना

*1148. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के बाराचट्टी प्रखंड के ग्राम-भलुआ चट्टी, काहुदाग, बाराचट्टी, सुलेबट्टा, सोभ, भदेया और समेकित जाँच चौकी, NH-2 के किनारे बसी घनी आबादी वाला क्षेत्र है, किन्तु यहाँ पर सड़क दुर्घटना में घायलों के बेहतर इलाज की सुविधा नहीं रहने के कारण उन्हें गया, PMCH, पटना या फिर राँची ले जाना पड़ता है, जिससे गंभीर रूप से घायल व्यक्ति रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बाराचट्टी में आधुनिक सुविधा से युक्त अस्पताल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला चिकित्सक का पदस्थापन

*1149. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी महिला चिकित्सक नहीं है और उसके प्रभारी भी होमियोपैथिक डॉक्टर हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में एक महिला चिकित्सक का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली तार लगाना

*1150. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के मौधो पंचायत अन्तर्गत चिदानीमोनी गाँव में अभी भी नंगे बिजली का तार लगा हुआ है, जिस कारण ग्रामीणों को जान-माल की नुकसान का शंका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पुराने केबल को हटाकर आधुनिक केबल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*1151. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर अस्पताल औरंगाबाद में आँख, कान के साथ अन्य विभागों में विगत 5 वर्षों से विशेषज्ञ चिकित्सक के पदस्थापन नहीं रहने से चिकित्सकीय कार्य के साथ ही दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाण के लिये 100 किलो मीटर की दूरी तय कर गया शहर जाने को विवश है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सदर अस्पताल में उक्त विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*1152. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक तीस हजार की आबादी पर विभाग के नियमानुसार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जानी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के डण्डखोरा प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र द्वाशय के निकटस्थ ग्रामों की आबादी तीस हजार से अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र, द्वाशय को उत्क्रमित कर अतरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली कनेक्शन देना

*1153. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रह्मपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रह्मपुर प्रखण्ड में किसानों को बिजली कनेक्शन के लिए 2020 में कैम्प लगाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में जो लोग कैम्प में नहीं गए थे वह बिजली कनेक्शन देने के लिए ऑन-लाइन आवेदन दिए थे ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में सरकार द्वारा कैम्प में दिए आवेदन के लोगों को कनेक्शन देने जा रही है, ऑन-लाइन आवेदन देने वालों पर विचार नहीं किया गया है, जिससे उन लोगों में निराशा हो रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में कैम्प में दिए गए आवेदन एवं ऑन-लाइन किए आवेदन के लोगों को एक साथ बिजली कनेक्शन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना

*1154. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के लालगंज प्रखंड अंतर्गत बसंता जहानाबाद घाट (नीरा-नारायणी तट) पौराणिक एवं धार्मिक महत्ता के कारण लोगों का आस्था का केंद्र है जहाँ प्रति वर्ष सावन माह के श्रावणी मेला एवं कार्तिक माह में गंगा स्नान मेला लगता है, परंतु उक्त स्थल पर नागरिक सुविधाओं का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर नागरिक सुविधाएं यथा-यात्री शेड, शौचालय, हाई मास्ट लाइट आदि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1155. श्रीमती वीना सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला-वैशाली के प्रखंड महनार अंतर्गत ग्राम-परमानंदपुर में विद्युत् उपभोक्ताओं को नया कनेक्शन प्रदान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नये कनेक्शन के अनुसार नया विद्युत् ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया है, जिससे उक्त जगह पर ग्रामीणों को हमेशा ''लो वोल्टेज'' की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार कर रही है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पॉवर सब-स्टेशन हेतु

*1156. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बैरगाछी में पावर सब-स्टेशन नहीं रहने के कारण हमेशा अनियमित विद्युत् आपूर्ति की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया पावर स्टेशन से बैरगाछी की दूरी 10 किलोमीटर है, बीच में दो नदियाँ है, जिसके कारण निर्बाध विद्युत् की आपूर्ति नहीं हो पाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पॉवर सब-स्टेशन के लिए बैरगाछी में सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित स्थान में पावर सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आई0 सी0 यू0 चालू कराना

*1157. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के अन्तर्गत सदर अस्पताल, औरंगाबाद में करोड़ों रुपये के लागत से वर्ष 2018 में ICU का निर्माण कराया गया था ताकि क्षेत्र की जनता को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण के तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी यह ICU कार्य नहीं कर रहा है जिससे जनता में काफी असंतोष है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपर्युक्त ICU को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली देना

*1158. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के प्रखण्ड दुर्गावती के ककरैथ पम्प में बिजली दो स्रोत से देने का सरकार का आदेश है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उक्त पम्प में एक स्रोत से बिजली दिया जा रहा है, उसका बिजली बन्द होने पर पम्प बन्द हो जाता है।

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दूसरे स्रोत रामगढ़ पावर ग्रिड से बिजली देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा उपलब्ध कराना

*1159. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सिंहेश्वर प्रखंड के झजहट सवेला पंचायत में स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल में पर्याप्त संख्या में नर्स, डॉक्टर, एंबुलेंस, दवाई आदि नहीं होने के कारण उक्त क्षेत्र के रोगियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त हॉस्पिटल में सारी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1160. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत मढ़ौरा के भुवालपुर पंचायत स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोझी की स्वीकृति बीस वर्ष पूर्व हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण आजतक नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को इससे उपर्युक्त स्वास्थ्य सेवाएँ नहीं प्राप्त हो रही है जिससे उनमें असंतोष है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोझी के भवन का निर्माण जनहित में कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सिक्योरिटी मनी की सुरक्षा

*1161. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर का रीडिंग तुलनात्मक रूप से पूर्व से लगे मीटर से अधिक तेज चलता है, फलस्वरूप उपभोक्ताओं को अधिक राशि का भुगतान करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपभोक्ताओं के द्वारा पहले से जमा सिक्योरिटी मनी अब बिल में नहीं दर्ज किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्मार्ट प्रीपेड मीटर की प्रमाणिकता एवं उपभोक्ताओं के सिक्योरिटी मनी की सुरक्षा का विचार रखती है, हाँ, तो कैसे, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1162. श्री नरेन्द्र नारायण यादव (क्षेत्र संख्या-70 आलमनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत आई० पी० पी० (Indian Population Project) के अधीन प्रखंड आलमनगर में ग्राम नरथुआ प्रखंड पुरैनी में ग्राम सपरदह तिरासी, ग्राम-वंशगोपाल में वर्ष 1995 में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन की योजना स्वीकृत हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यकारी एजेंसी बी० डी० ओ० पुरैनी तथा आलमनगर में कार्यकारी एजेंसी बी० डी० ओ० आलमनगर को बनाया गया था, परंतु पच्चीस वर्ष बीत जाने के बाद भवन निर्माण का कार्य अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इस अधूरे भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बहाली करना

*1163. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नदी, तालाब या गहरे पानी में डूबने वालो को बचाने या पानी के नीचे से निकलने के लिये गोताखोर के लिये प्रशिक्षण दिया गया है, सभी जिलों में गोताखोर की तैनाती की गयी है लेकिन उन्हें स्थायी तौर पर बहाल नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार गोताखोर की कबतक बहाली करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--बाढ़ एवं नाव दुर्घटना आदि के दौरान पानी में खोज एवं बचाव कार्य हेतु राज्य के विभिन्न जिलों के चयनित पुलिस कर्मियों एवं गृह रक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है । इसके अतिरिक्त समुदाय के चयनित व्यक्तियों को भी प्रशिक्षित किया गया है ताकि आपदाओं के दौरान त्वरित गति से प्रत्युत्तर हेतु समुदाय का भी क्षमतावर्द्धन हो सके । समुदाय के प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्तियों की बाढ़ अवधि के दौरान 1 ली जुलाई से 30 सितम्बर, तक संवेदनशील स्थानों पर तथा नाव दुर्घटना आदि के दौरान आवश्यकतानुसार संबंधित जिलों द्वारा श्रम संसाधन विभाग द्वारा कुशल मजदूरों के लिये निर्धारित दर पर इनकी प्रतिनियुक्ति की जाती है ।

NDRF एवं SDRF में प्रशिक्षित गोताखोर कार्यरत हैं, जिनकी आवश्यकतानुसार ली जाती है । विभाग अन्तर्गत गोताखोर का कोई पद सृजित नहीं है । वर्तमान में स्थायी तौर पर गोताखोरों को बहाल करने संबंधी मामला विचाराधीन नहीं है ।

---------

पोस्टमॉर्टम की व्यवस्था

*1164. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखंड स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमॉर्टम भवन निर्मित रहने के बावजूद मृतक के परिजनों को पोस्टमॉर्टम हेतु गया रेफर कर दिया जाता है जिससे उन्हें काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी में पोस्टमॉर्टम की व्यवस्था प्रारम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शौचालय का निर्माण

*1165. श्री (मो०) आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जलालगढ़ में पुरूष एवं महिला रोगियों के लिये शौचालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में रोगियों के लिये शौचालय का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानान्तरित करना

*1166. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के अतलखा पंचायत के वार्ड नं०-13, 14, एवं 15 नोनैती गाँव में वर्ष 2014-15 में ग्यारह हजार वोल्ड का तार लगा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त हाईवोल्टेज तार नोनैती गाँव के गरीब-गुरबों की झोपड़ी के ऊपर से गुजर रहा है, जिसके कारण गरीब परिवार दहशत का जीवन जीने को मजबूर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नोनैती गाँव में लगे ग्यारह हजार हाईवोल्टेज तार को अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन योग्य बनाना

*1167. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के लौरिया स्थित ऐतिहासिक स्थल नन्दनगढ़ में उचित रख-रखाव व देख-भाल की कमी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस ऐतिहासिक स्थल नन्दनगढ़ की चहारदीवारी क्षतिग्रस्त व अर्द्धनिर्मित है रौशनी की भी कोई सुविधा नहीं है, साथ ही पर्यटकों के लिये न कोई होटल है न ही कोई विश्राम गृह है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस ऐतिहासिक नन्दनगढ़ स्थल की उक्त सभी कमियों को सुधार कर उक्त स्थान को पर्यटन योग्य बनाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापना हेतु

*1168. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अलीनगर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-मिल्की स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम० बी० बी० एस० डॉक्टर पदस्थापित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित अन्य चिकित्सा नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्र नहीं आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एम० बी० बी० एस० डॉक्टर की पदस्थापना के साथ अन्य डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1169. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के वारिसलीगंज प्रखंड अन्तर्गत अपसढ़ गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 1995 से संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र एक किराये के मकान में चल रहा है जिसमें पर्याप्त संसाधन नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन निर्माण हेतु जमीन सम्बन्धी विवरण विभाग को सिविल सर्जन, नवादा द्वारा एक वर्ष पूर्व ही प्राप्त कराया जा चुका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1170. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया नगर स्थित रेफरल अस्पताल का भवन विगत् पाँच वर्षों से जर्जर अवस्था में रहने के कारण मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को चिकित्सकीय कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल के नये भवन का निर्माण कबतक, कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार एवं उन्नति का कार्य

*1171. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के दुल्हिनबाजार प्रखंड स्थित धाना निसरपुरा में 1542 में निर्मित धाना मठ आज जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है और इसके कुछ हिस्से गिर गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार धाना मठ के जीर्णोद्धार एवं उन्नति का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटकीय दृष्टि से विकसित करना

*1172. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह) --क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्राचीन बाबा दुधेश्वर नाथ देव कुंड मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त मंदिर के पास हजारों एकड़ जमीन है जो देख-भाल के अभाव में अतिक्रमित हो रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त मंदिर के पास बाबा च्यवन ऋषि का आश्रम है जहां अग्नि कुंड में बिना जलाये सदैव अग्नि जलती रहती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त मंदिर को तथा महर्षि च्यवन के आश्रम को पर्यटकीय दृष्टि से विकसित करने हेतु शिव सर्किट से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा मुहैया कराना

*1173. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खरगपुर प्रखंड अन्तर्गत ऋषि-कुंड पौराणिक काल से तपोभूमि अवस्थित है जहाँ गर्म जल का झरना भी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर पर्यटन विकास नहीं होने से आने-जाने वाले 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि प्रत्येक तीन वर्ष में एक माह का यहां पुरूषोत्तम मास का मेला भी लगता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित स्थल को कबतक पर्यटन सुविधा मुहैया कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तार बदलवाना

*1174. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखण्ड कुटुम्बा के परता डुमरी फीडर एवं अम्बा नवीनगर फीडर तथा निरंजनापुर फीडर के पुराने जर्जर तारों को बदलने की आवश्यकता है यदि हाँ, तो सरकार उक्त फीडरों के तारों को कबतक बदलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल विकसित करना

*1175. श्री हरीभूषण ठाकुर 'बचोल' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड अन्तर्गत सौराठ सभा गाछी ऐतिहासिक स्थान है, यहाँ दूर-दूर से लोग आते रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रेडियोलॉजिस्ट व तकनीशियनों की नियुक्ति

*1176. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 दिसम्बर, 2020 को प्रकाशित शीर्षक ''तकनीशियन की कमी से 25 अस्पतालों में अल्ट्रासाउन्ड जाँच बंद'' खबर को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 75 अस्पतालों में एक साल के अन्दर अल्ट्रासाउन्ड मशीन लगाकर जाँच की प्रक्रिया शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में रेडियोलॉजिस्ट व तकनीशियन की कमी के कारण 25 अस्पतालों में अल्ट्रासाउन्ड जाँच की सुविधा लोगों को नहीं प्राप्त हो रहा है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक रेडियोलॉजिस्ट व तकनीशियनों की नियुक्ति कर अल्ट्रासाउन्ड की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विकास व सौन्दर्यीकरण कराना

*1177. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेनीपट्टी प्रखंड अन्तर्गत उच्चैठ दुर्गास्थान, कालीदास डीह, हरलाखी प्रखंड के गिरजा महारानी स्थान फुलहर, कल्याणेश्वर स्थान कलना, विश्वामित्र स्थान विरौल पौराणिक धरोहर तथा रामायण सर्किट से जुड़ा है, जो पर्यटन की दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन स्थानों का विकास व सौंदर्यीकरण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सौन्दर्यीकरण कराना

'क'-*1178. डॉ० शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के नरकटिया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत कठनैतिया मठ में भगवान की प्राचीन मूर्तियाँ स्थापित है, जहाँ प्रतिदिन दूर-दराज से ग्रामीण जनता श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं को ठहरने को एवं व्यवस्था एवं मठ सौन्दर्यीकरण नहीं रहने के कारण काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मठ में श्रद्धालुओं को ठहराव के लिये व्यवस्था एवं सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य सेवा बहाल करना

*1179. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत भटौली उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन को अतिक्रमित कर लिया गया है तथा उक्त भवन जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराते हुये मरम्मत कराकर स्वास्थ्य सेवा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*1180. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बलरामपुर प्रखंड का पावर सब-स्टेशन बलरामपुर से 15 कि०मी० दूर तेलता में अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस प्रखंड का शाहपुर, बलरामपुर, मिगियाल, फतेहपुर पंचायत की 70 हजार से ज्यादा आबादी वाले क्षेत्र की जनता तेलता पावर सब-स्टेशन 15 से 25 कि०मी० की दूरी पर अवस्थित होने के कारण बिजली की लो-वोल्टेज समस्या से जूझ रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस क्षेत्र में एक और पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नोट 'क'-पर्यटन विभाग से विधि विभाग में स्थानान्तरित ।

स्थलों को विकसित कराना

*1181. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर शहर में पक्की तालाब एवं दिल्ली दरबार मुगलकाल से एक पर्यटक स्थल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले 25 वर्षों से पक्की तालाब की सफाई एवं जीर्णोद्धार तथा दिल्ली दरबार को सरकारी संरक्षण नहीं मिलने से उक्त पर्यटन स्थल विलुप्ति के कगार पर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों स्थलों को कबतक विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*1182. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर एवं इसके आस-पास के क्षेत्र पौराणिक एवं पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक वर्ष बक्सर एवं इसके आस-पास के क्षेत्र यथा नदाँव, भभुअर, नुआँव एवं अहिरौली में पौराणिक पंचकोषी परिक्रमा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन के दृष्टिकोण से पंचकोषी परिक्रमा स्थलों को विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति कराना

*1183. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला में लोक अभियोजक एवं सरकारी वकीलों की नियुक्ति 2018 से लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लोक अभियोजक की नियुक्ति हेतु पत्रांक 1526/विधि, 2018 एवं सरकारी वकील की नियुक्ति हेतु आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया के पत्रांक 210/विधि, दिनांक 30 जनवरी, 2019 द्वारा अनुशंसा सूची विभाग को भेजी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जहानाबाद जिला में लोक अभियोजक एवं सरकारी वकीलों की नियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापना करना

*1184. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक, बिहपुर एवं नारायणपुर प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी महिला डॉक्टर नहीं है जबकि उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में अलग-अलग प्रत्येक दिन 15 से 20 प्रसव होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर महिला चिकित्सक की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग के अनुशंसा के आलोक में वर्ष 2020 में माह जुलाई से सितम्बर तक कुल 929 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी की नियुक्ति कर आवश्यकता एवं उपलब्धता के आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापित किया गया है।

वर्तमान में विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के 3706 पद रिक्त हैं । उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से बिहार तकनीकी सेवा आयोग को भेजी जा चुकी है ।

आयोग से चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्राप्त होने के उपरान्त आवश्यकता एवं उपलब्धता के अनुसार महिला चिकित्सा पदाधिकारी की पदस्थापना की जा सकेगी ।

ट्रॉमा सेंटर का निर्माण

*1185. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला में सड़क दुर्घटना के मरीजों के इलाज के लिये कोई व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इलाज के लिये रेफर किये जाने वाले मरीजों की ज्यादातर पटना पहुँचने के पहले ही जान चली जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अरवल में ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1186. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि झंझारपुर अनुमंडलीय अस्पताल में साधारण रोगों में भी रोगियों को दूर के अन्य बड़े अस्पताल में भेजने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऐसी प्रवृत्ति राज्य के हर अनुमंडलीय अस्पताल की है जिससे रोगियों एवं परिजनों को आर्थिक संकट के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशानी बढ़ जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस प्रवृत्ति को कम कराने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रॉन्सफॉर्मर लगवाना

*1187. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत हाल बैदा पूरब टोला में बिजली का तार जर्जर हो चुका है और ट्रॉन्सफॉर्मर नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जर्जर तार को बदलने और ट्रॉन्सफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य को चालू करना

*1188. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-04 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के बगहा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत भैरोगंज अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिसम्बर, 2019 से प्रसव कार्य बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भैरोगंज अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव कार्य को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*1189. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखंड के दीप ग्राम स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र को 'हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर' का दर्जा मिले हुये 1 वर्ष बीत गया है, लेकिन अभीतक पैथोलॉजी जाँच उपकरण रहने के बावजूद स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सीय कार्य प्रारम्भ कराना

*1190. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के हलसी पंचायत के कोनाग ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण हेतु विगत पाँच वर्ष पूर्व कार्य प्रारम्भ किया गया था परन्तु भवन निर्माण कार्य पूर्ण किए बगैर विगत दो वर्षों से कार्य को बन्द कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य को पूर्ण कराते हुए चिकित्सकीय कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन को स्वास्थ्य विभाग मे हस्तांतरित कराना

*1191. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखण्ड के ओरियप पंचायत अन्तर्गत चंडीपुर पहाड़िया टोला के प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन आजतक प्रारम्भ नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006-2007 में ही उक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य एन0 आर0 ई0 पी0 भागलपुर के द्वारा किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन को स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किये जाने के कारण भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है तथा मरीजों का इलाज केन्द्र संचालन के अभाव में नहीं हो सका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन को स्वास्थ्य विभाग में हस्तांतरित कराते हुए संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सहायता देना

*1192. श्री शम्भुनाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रह्मपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रह्मपुर प्रखण्ड में पंचायत-बड़की नैनीजोर के ग्राम-दक्षिण सुन्दर टोला में एक साल पहले अगलगी से 10 मवेशी जलकर मर गए थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घटना में जिलाधिकारी, बक्सर एवं वरीय पदाधिकारी घटना स्थल पर जाकर सहायता का आश्वासन दिए थे, परन्तु अभीतक संबंधित परिवार वालों को सरकार के तरफ से किसी प्रकार का सहायता नहीं मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृत मवेशी से संबंधित लोगों को सहायता देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) एवं (2) स्वीकारात्मक ।

(3) जिला पदाधिकारी, बक्सर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार अग्निकांड में मृत मवेशियों का अनुग्रह राशि का भुगतान आश्रित को अंचल अधिकारी, ब्रह्मपुर द्वारा कर दिया गया है ।

---

पदस्थापना हेतु

*1193. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कुल-11 स्वीकृत पद रहने के बावजूद महिला चिकित्सक, सहायक चिकित्सकों, कर्मी एवं ए0 एन0 एम0 के पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक के अभाव में महिला मरीज एवं महिला प्रसूति का समुचित इलाज नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक एवं अन्य कर्मी की पदस्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है।

उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वीकृत 13 पद के विरुद्ध 05 चिकित्सा पदाधिकारी एवं 05 स्टाफ नर्स कार्यरत हैं ।

(2) अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लदनियाँ में उपलब्ध एम0बी0बी0एस0 चिकित्सकों के द्वारा महिला मरीजों का समुचित इलाज किया जाता है। प्रसूति महिला का इलाज चिकित्सकों के देख-रेख में स्टाफ नर्स के द्वारा किया जाता है।

(3) वर्तमान में विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के 3706 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से बिहार तकनीकी सेवा आयोग को भेजी जा चुकी है।

आयोग से चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्राप्त होने के उपरान्त आवश्यकता एवं उपलब्धता के अनुसार महिला चिकित्सा पदाधिकारी एवं चिकित्सा पदाधिकारियों की पदस्थापना की जा सकेगी ।

राज्य में स्टाफ नर्स ग्रेड 'ए' के रिक्त पदों की संख्या 9130 पर चयन हेतु भेजी गई अधियाचना के विरुद्ध बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा अभीतक 5097 नर्स ग्रेड 'ए' की अनुशंसा प्राप्त हुई, जिनका पदस्थापन विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में किया गया । शेष रिक्त पदों पर ।

---

### निर्माण कार्य कराना

*1194. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड कोटवा के टलवा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रस्तावित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### मुआवजा राशि देना

*1195. श्री राम प्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 वैशाली)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा एवं बरौली सहित विभिन्न प्रखंडों में आपदा से मृत व्यक्तियों के निकटतम आश्रितों को मृत्यु अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान निधि की अनुपलब्धता के कारण विगत दो वर्षों से नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी के पत्रांक 49, दिनांक 15 जनवरी, 2021 द्वारा विभाग से राशि की माँग की गई है परन्तु अभीतक राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है जिसके कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को मुआवजा राशि दिये जाने हेतु निधि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### मुआवजा देना

*1096. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अलीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत ब्रह्मपुर मसवासी पंचायत के ग्राम-नवटोल निवासी श्री पवन मंडल के पुत्र ओम प्रकाश मंडल की पानी में डुबकर दिनांक 9 सितम्बर, 2020 को मौत हो गई लेकिन मृतक के आश्रित परिवार को आजतक किसी तरह का मुआवजा नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार मृतक के आश्रित परिवार को कबतक उचित मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### सेवा सुनिश्चित करना

*1197. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत गम्हरिया प्रखंड के बभनी पंचायत में 03 (तीन) बेड का स्वास्थ्य उप-केन्द्र संचालित है, जिसमें न तो चिकित्सक और न ही चिकित्सा कर्मी अपनी सेवा दते है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में यहाँ चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों की सेवा सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुग्रह अनुदान राशि देना

*1198. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि धनंजय कुमार गिरि पिता श्री राम गिरि ग्राम सिंभासनी थाना बैकुण्ठपुर गोपालगंत एवं मुरारी कुमार पिता लालटून ठाकुर ग्राम फतेहा जिला-बेगूसराय की भीषण सड़क दुर्घटना में दिनांक 30 दिसम्बर, 2019 को मृत्यु हो गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवारा थाना में घटना के संबंध में प्राथमिकी संख्या 237/19 दर्ज की गई सामुहिक दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपया देने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपया का अनुग्रह अनुदान राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य सेवा बहाल करना

*1199. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या 201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत सलसला उप-स्वास्थ्य भवन को अतिक्रमित कर लिया गया है तथा उक्त भवन जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराते हुये मरम्मत कराकर स्वास्थ्य सेवा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई कराना

*1200. श्री प्रकाश वीर (क्षेत्र संख्या 235 रजौली)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत जिला योजना कार्यालय एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, नवादा के लिये वर्ष 2013-14 में बेंच/डेस्क आदि के क्रय हेतु तत्कालीन माननीय सदस्य द्वारा अनुशंसित राशि अंके 28975000/ रु० में अनियमितता कर भ्रष्टाचार किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, नवादा के पत्रांक 3168/गो, नवादा, दिनांक 19 दिसम्बर, 2016 द्वारा प्रधान सचिव योजना एवं विकास विभाग, बिहार को जाँच प्रतिवेदन भी प्राप्त है किन्तु अब तक दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जाँच प्रतिवेदन पर कार्रवाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*1201. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या 207 चेनारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत नौहट्टा प्रखंड के रेहल में एवं रोहतास गढ़ पंचायत के बड़का दुधुआं में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रेहल-बुधुआं सहित सैकड़ों गाँवों के लोगों को पहाड़ी से उतरकर 25 कि० मी० की दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय पर इलाज के लिये जाना पड़ता है जिसके कारण उनको कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों जगहों पर प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण कराना

*1202. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि चम्पारण जिला अन्तर्गत बराशंकर पंचायत के बाराशंक ग्राम में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन अत्यंत जर्जर है एवं हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, साथ ही चिकित्सा कार्य भी प्रभावित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति

*1203. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत लखीसराय प्रखंड के कछियाना उप-स्वास्थ्य केन्द्र के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन तत्कालीन श्रम संसाधन मंत्री द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था, परन्तु उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में अबतक चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति नहीं किये जाने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*1204. श्री विजय शंकर दुबे (क्षेत्र संख्या-112 महाराजगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सितलपुर ग्राम का स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन 15 वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया है किन्तु उसके स्थान पर नया स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य कर्मी की पदस्थापना

*1205. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत प्रखंड बाजपट्टी के ग्राम पचरा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र वर्ष 1966 में स्थापित किया गया था किन्तु अब यह स्वास्थ्य उप-केन्द्र ध्वस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने तथा मानक के अनुरूप स्वास्थ्य कर्मी की पदस्थापना कर सुचारू रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य सेवा बहाल करना

*1206. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-04 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के बगहा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पतिलार बगहा-1 में निर्मित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र (पतिलार) भवन स्वास्थ्य कर्मियों के अभाव में वर्ष 2018 से बन्द पड़ी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर जनहित में स्वास्थ्य सेवा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डॉक्टर की पदस्थापना

*1207. श्री (मो०) अंजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज एवं टेढ़ागाछ केन्द्र CHC केन्द्रों पर डॉक्टर्स एवं नर्सों के अभाव में गरीब मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के अभाव में महिला मरीजों को बाहर के निजी अस्पतालों में भारी भरकम शुल्क देकर अपना इलाज कराना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त CHC केन्द्रों पर डॉक्टर्स एवं नर्स की कमी को दूर करने तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

. . भवन का निर्माण

*1208. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत सोनपुर में अनुमंडल व्यवहार न्यायालय बने हुये 5 वर्ष हो गये, परंतु अभीतक अनुमंडल व्यवहार न्यायालय का स्थायी भवन का निर्माण नहीं हो सका है, जिसके कारण सिर्फ दीवानी मामलों का ही निष्पादन हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सोनपुर अनुमंडल व्यवहार न्यायालय हेतु स्थायी भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मंदिर में रोप-वे निर्माण कराना

*1209. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के प्रखण्ड भगवानपुर अन्तर्गत माँ मुण्डेश्वरी का मंदिर अवस्थित है, जिसमें प्रतिवर्ष 10 लाख लोग दर्शन करने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में हजारों सीढ़ी चढ़कर जाना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में रोप-वे की आवश्यकता है, जिससे कमजोर एवं वृद्ध लोग भी माँ का दर्शन कर सकें ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर में रोप-वे निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

(2) उक्त मंदिर में जाने हेतु सीढ़ी के अलावे वैकल्पिक पथ भी बना हुआ है, जिससे लोग चार पहिया/दो पहिया वाहन द्वारा मंदिर जाते हैं ।

(3) एवं (4) रोप-वे निर्माण का कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण (पथ निर्माण विभाग) द्वारा कराया जाना है। निविदा के माध्यम से संवेदक का चयन हो चुका है । Forest & Wildlife Clearance, ASI Clearance तथा Environmental Impact Assessment (EIA) Clearance प्रक्रियाधीन है।

------------

उपस्थिति सुनिश्चित करना

*1210. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोध गया)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 जनवरी, 2021 को प्रकाशित शीर्षक ''गम्भरी ए०पी०एच०सी० में नहीं आते डॉक्टर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के ग्राम-गम्भरी अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में दो चिकित्सक डॉ० रौद्री नारायण एवं डॉ० नूतन कुमारी की प्रतिनियुक्ति तीन माह पूर्व की गयी है लेकिन आजतक उन चिकित्सकों के नहीं आने से उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के आस-पास के मरीज इलाज से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो गम्भरी अ०प्रा०स्वा० केन्द्र में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सरकार कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गम्हरी, फतेहपुर में दोनों चिकित्सक की पदस्थापना 2020 में की गयी थी, परन्तु दिनांक 12 नवम्बर, 2020 को डॉ० रौद्री नारायण अपनी अस्वस्थता के कारण अवकाश पर हैं । डॉ० नूतन कुमारी की अनुपस्थिति के लिये उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। तत्काल इस केन्द्र में आयुष चिकित्सक द्वारा जनता को चिकित्सा सेवा दी जा रही है। वर्तमान में विभाग द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के 3706 एवं सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के 2632 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से बिहार तकनीकी सेवा आयोग को भेजी जा चुकी है।

आयोग से चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्राप्त होने के उपरान्त आवश्यकता एवं उपलब्धता के अनुसार चिकित्सा पदाधिकारियों की पदस्थापना की जा सकेगी ।

विद्युतीकरण कराना

*1211. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड अवस्थित बैंकटपुर, दूधैला पंचायत में आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में कबतक विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कराना

*1212. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया गाँधी घाट जहाँ महात्मा गाँधी जी का आगमन हुआ था चम्पारण आन्दोलन से संबंधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर गाँधी संग्राहालय निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1213. श्री नरेन्द्र नारायण यादव (क्षेत्र संख्या-70 आलमनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत प्रखंड उदाकिशुनगंज के अधीन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खाड़ा की स्वीकृति राज्य संचालन समिति द्वारा वर्ष 2007 में दी गयी थी किन्तु अबतक इसके भवन का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वा० केन्द्र, खाड़ा के भवन का निर्माण एवं संचालन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापित करना

*1214. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चंपारण जिला में गत वर्ष आये बाढ़ में नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल का भवन काफी क्षतिग्रस्त हो गया है तथा ओ०टी० सहित अन्य मूलभूत सुविधा का घोर अभाव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में महिला रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग, ई०एन०टी० रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर भी पदस्थापित नहीं है जिसके कारण स्थानीय जनता को कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल में मूलभूत सुविधा के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कराना

*1215. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के विद्युत् कार्यालय में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता सहित सभी अभियंताओं के रहने हेतु सरकारी आवास नहीं है जिस कारण कार्य क्षमता कुप्रभावित होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी आवास के निर्माण हेतु अररिया शहर स्थित विद्युत् कार्यालय में सरकारी भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) से वर्णित अभियंताओं के लिये सरकारी आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु

*1216. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड के पचरौर एवं नन्दनपुर गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तरैया प्रखंड के पचरौर एवं नन्दनपुर गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1217. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के चिलिनहया पंचायत के वार्ड नम्बर 12 के बिरबन टोला में 50 परिवार रहते हैं लेकिन आजतक बिजली नहीं पहुँची है, यहाँ के टोला निवासी अँधेरे में रहने के लिये विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार बिरबन टोला में बिजली पहुँचाने हेतु क्या कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल प्रारंभ करना

*1218. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में 150 करोड़ की लागत से सुपर स्पेसलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य पिछले छः वर्षों से चल रहा है, जबकि कार्य पूर्ण होने की अवधि 3 वर्ष थी ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में सुपर स्पेसलिटी अस्पताल कबतक प्रारंभ करने का विचार रखती है ?

--------

एम्बुलेंस की व्यवस्था

*1219. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोठिया से रोगियों को रेफर करने के दौरान अधिकांश रोगी की एम्बुलेंस के अभाव में मृत्यु हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल का जीर्णोद्धार

*1220. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा इस अस्पताल के लिये आवंटित अल्ट्रासाउण्ड मशीन विशेषज्ञ ऑपरेटर के अभाव में संचालित नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल का जीर्णोद्धार कराने तथा अल्ट्रासाउण्ड मशीन को संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रान्सफॉर्मर लगवाना

*1221. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत दिलारपुर पंचायत के सिमरतल्ला गाँव में ट्रान्सफॉर्मर नहीं है, सीज टोला से लाइन दिये जाने के कारण यहाँ वोल्टेज नहीं रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उस गाँव में ट्रान्सफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सा सुविधा हेतु

*1222. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोचाधामन प्रखंडान्तर्गत मौधो एवं नरकली अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र बनकर तैयार है, परन्तु डॉक्टर, ए0एन0एम0 एवं अन्य चिकित्सा संसाधन उपलब्ध नहीं हो पाई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डॉक्टर, ए0एन0एम0 एवं अन्य चिकित्सा संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को इलाज कराने हेतु काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर, ए0एन0एम0 एवं अन्य चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*1223. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु संचालित क्वारंटाइन केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को अल्पाहार एवं भोजन के लिये निर्धारित नगर राशि 350 रुपया प्रति व्यक्ति प्रतिदिन वित्त विभाग, पटना के संकल्प संख्या 3A-3 भत्ता 01/2017 खंड 2218, दिनांक 8 अप्रील, 2020 के द्वारा निर्धारित किया गया लेकिन अभीतक गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखंड, आमस प्रखंड एवं डोभी प्रखंड के कर्मियों को भत्ता भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कर्मियों को भत्ता भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*1224. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के धारा 85 के तहत न्यायालयों में दिव्यांगजनों का पक्ष रखने के लिये विशेष लोक अभियोजक का नियुक्ति कराया जाना है जिसका उल्लेख विधि विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 5348, दिनांक 8 अगस्त, 2019 में किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक न्यायालयों में दिव्यांगजनों का पक्ष रखने हेतु विशेष लोक अभियोजक का नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनवाना

*1225. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नीमचक बथानी का अपना भवन नहीं है जिसके कारण यह दूसरे भवन में किसी प्रकार से चलाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारी, नीमचक बथानी द्वारा वर्ष 2019 में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नीमचक बथानी के भवन निर्माण हेतु भूमि हस्तानान्तरण कर दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण रोगियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोगियों के हित में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नीमचक बथानी का अपना भवन बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1226. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखण्डान्तर्गत नाजिरपुर पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नाजिरगंज जो नाजिरपुर हाट के निकट राजस्व कर्मचारी के लिए निर्मित जर्जर भवन में विगत 30 वर्षों से चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण का कार्य अभीतक नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नाजिरगंज के भवन को बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना को गाइड लाइन में शामिल करना

*1227. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत की राशि से निर्मित होने वाली योजना के गाइड लाइन में कलभर्ट एवं छोटे पुलिया का निर्माण का प्रावधान नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों योजना को गाइड लाइन में शामिल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत परिचालित मार्गदर्शिका में अलग से कलभर्ट एवं छोटे पुलिया निर्माण का प्रावधान नहीं है। परन्तु विभागीय संकल्प संख्या 3439 दिनांक 30 जून, 2017 के द्वारा सम्यक् विचारोपरांत 'छिलका, फॉल, चेक डैम एवं चेक वॉल के निर्माण की योजना' को मार्गदर्शिका में सम्मिलित किया गया है तथा इस योजना के उक्त विधान मंडल के माननीय सदस्यों की अनुशंसा पर कार्यान्वित करायी जाने वाली सम्पर्क पथ निर्माण संबंधी योजना में आवश्यकतानुसार कलभर्ट/छोटे-छोटे पुलियों का निर्माण कराया जाता है।

(2) वर्तमान में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की मार्गदर्शिका में अलग से कलभर्ट एवं छोटे पुलिया निर्माण की योजना को शामिल करने का न तो कोई प्रस्ताव है और न ही इस तरह का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है ।

---

निर्माण कराना

*1228. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गड़खा प्रखंड में लोक कवि भिखारी ठाकुर ने जन्म स्थल कुतुबपुर ग्राम में प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने एवं शोध करने के उद्देश्य से जाया करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में भिखारी ठाकुर संग्रहालय का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाना

*1229. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डी0 एम0 सी0 एच0, दरभंगा के रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट में डिजिटल एक्स-रे मशीन पिछले पाँच वर्षों से बंद पड़ी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 2019, फरवरी में ही नई डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाने हेतु माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग ने विभाग को निर्देशित किया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डी0 एम0 सी0 एच0, दरभंगा में डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा देना

*1230. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत मगध मेडिकल कॉलेज एन्ड हॉस्पिटल, गया में पाँच जिले-गया, नवादा, जहानाबाद, अरवल और औरंगाबाद के मरीज इलाज कराने एवं अपने मृत परिजन का पोस्टमॉर्टम हेतु आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पोस्टमॉर्टम के लिए परिजन अक्सर एक से डेढ़ दिन यहाँ रूकते हैं किन्तु पोस्टमॉर्टम कार्यालय के बाहर परिजनों को ठहरने की कोई व्यवस्था पेयजल और शौचालय की भी व्यवस्था नहीं रहने के कारण काफी दिक्कतें होती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पोस्टमॉर्टम ऑफिस के बाहर परिजनों को ठहरने के लिए रैन बसेरा, पेयजल और शौचालय आदि की सुविधा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) पुलिस से मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट प्राप्त होते ही पोस्टमॉर्टम का कार्य तत्काल किया जाता है। कतिपय मामलों में ही मानकों के अनुरूप अगले दिन पोस्टमॉर्टम का कार्य किया जाता है।

पोस्टमॉर्टम कार्यालय के बाहर परिजनों के ठहरने के लिए शेड की व्यवस्था है एवं एफ0 एम0 टी0 विभाग में लगे नल द्वारा परिजनों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाता है। अस्पताल में क्रियाशील शौचालय मृतकों के परिजनों हेतु भी उपलब्ध है ।

(3) उपर्युक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

---

डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति

*1231. श्री विश्वनाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड अन्तर्गत मानिकपुर पंचायत में प्रा0 स्वा0 केन्द्र, मानिकपुर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनकर तैयार है, पर डॉक्टर एवं नर्स नहीं होने के कारण मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रा0 स्वा0 केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति कर मरीजों का इलाज प्रारम्भ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सामानों की आपूर्ति

*1232. श्री विजय शंकर दुबे (क्षेत्र संख्या-112 महाराजगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के जिला अस्पताल एवं महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल में जिला हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर द्वारा माँग के अनुसार दवाएँ व अन्य उपकरण उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक माँग के अनुरूप दवाओं व अन्य उपकरण की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1233. <u>श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड के अंतर्गत काशीमपुर पंचायत के इन्जुडीह खरवा में उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण इलाके के लोगों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, इन्हें गोराडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर रहना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक उक्त स्थान पर उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जनोपयोगी सेवाओं में सुधार हेतु

*1234. <u>श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, भागलपुर के आपातकालीन विभाग में शय्या भोजन में गुणवत्ता सहित अन्य जनोपयोगी सेवाओं का अत्यंत अभाव है, जिससे मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त अस्पताल के आपातकालीन विभाग में शय्या, गुणवत्तापूर्ण भेजने तथा अन्य जनोपयोगी सेवाओं में सुधार के लिये कबतक कौन-सी उपाय करने का विचार रखती है ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना

*1235. <u>श्री भारत भूषण मंडल (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के फुलपरास प्रखंड स्थित धनौजा पंचायत तथा कारमेघ पश्चिमी पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के अभाव में वहाँ के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पंचायतों में स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*1236. <u>श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के सदर अस्पताल, शेखपुरा में स्त्री रोग विशेषज्ञ और सर्जन चिकित्सक पदस्थापित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में मानक के अनुरूप चिकित्सकों के पदस्थापन नहीं होने से इलाके के मरीजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेखपुरा जिला के सदर अस्पताल में सर्जन चिकित्सक एवं महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

हाई वोल्टेज तार हटाना

*1237. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत पतरघट प्रखण्ड के जम्हरा पंचायत के वार्ड नं० 5 से वार्ड नं० 11 तक गरीबों के मकान के ऊपर ग्यारह हजार वोल्ट का तार गुजर रहा है, जिस कारण कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त हाई वोल्टेज तार को बस्ती से बाहर हटाने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1238. श्रीमती बीना सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला वैशाली के प्रखंड महनार अन्तर्गत ग्राम-थानपुर में विद्युत् उपभोक्ताओं को नया कनेक्शन प्रदान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नये कनेक्शन के अनुसार नया विद्युत् ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है, जिससे उक्त जगह पर ग्रामीणों को हमेशा ''लो वोल्टेज'' की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण करवाना

*1239. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-104 हथुआ) --क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखण्ड फुलवरिया के बथुआ पेट्रोल पम्प के पास स्थित शिव मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक एवं श्रद्धालु आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में पर्यटकों के ठहरने का भवन एवं मंदिर से संबंधित पोखर पर घाट नहीं रहने के कारण पर्यटकों को असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मंदिर प्रांगण में ठहरने का भवन एवं पोखर पर घाट का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1240. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत) --क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हरनौत प्रखण्ड के ग्राम-पंचायत नेहुसा अन्तर्गत ग्राम-नेहुसा में विगत बीस (20) वर्षों से स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्वीकृति है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन नहीं रहने के कारण किराये के मकान में संचालित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के नाम से भवन निर्माण के लिये खाता नं० 433, खेसरा नं० 1583, रकबा 30डी० मालिक गैर-मजरूआ भूमि भी उपलब्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपलब्ध भूमि पर स्वास्थ्य उप-केन्द्र, नेहुसा का भवन निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 05 मार्च, 2021 (ई०)।

राज कुमार सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० - 119 (एल०ए०), 2020-21 डी०टी०पी० -550